**DAV PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT, BHUBANESWAR**
**ANNUAL EXAMINATION (SESSION 2021-22)**
**CLASS- V SUBJECT: HIGHER HINDI**

**DT. 11.03.2022** **F.M: 40 MARKS**

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न पत्र में दिए गए चालीस प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- उत्तर चुनने से पहले सभी विकल्पों को ध्यान से पढ़िए ।
- सबमिट करने से पहले एक बार फिर से जाँच लें ।

**निम्नलिखित अपठित पद्यांश के आधार पर 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

जगमग-जगमग जुगनू जगते।
इधर-उधर हैं उड़ते फिरते।
जहाँ घिरा है घुप्प अँधेरा।
करते हैं ये वहीं उजेरा।
ऐसा लगता आसमान के।
तारे धरती पर आ उड़ते॥
टार्च जलाते और बुझाते।
ऐसे ही जलते बुझ जाते।
फूलों-पत्तों में छिप जाते।
लता कुंज में उड़ते जाते।
धरती के तारों से लगते।
लेकिन ये तो उड़ते फिरते॥

1-जुगनू कैसे जगते हैं ?
(क)जगमग-जगमग (ख)लपर-झपर (ग)रुमझूम-रुमझूम (घ)रिमझिम-रिमझिम

2-आसमान के तारे किसे कहा गया है ?
(क)बिजली के बल्बों को (ख)उड़ते तितलियों को
(ग)जगमगाते जुगनुओं को (घ)गुनगुनाते भंवरों को

3-जुगनू को देखकर क्या लगता है ?
(क)मानो आसमान के तारे धरती पर आ गए हैं।
(ख)मानो अंधेरा गायब हो गया है।
(ग)मानों धरती पर खुशियाँ छा गई हो । (घ)पृथ्वी में हरियाली छा गई हो ।

4-यह कैसे जलते-बुझते हैं?

(क)टोर्च की तरह(ख)बल्ब की तरह(ग)तारों की तरह (घ)मसाल की तरह
5-जुगनू कहाँ छिप जाते हैं?
(क)लता-कुंजों में (ख)फूलों-पत्तों में (ग)पहाड़-पर्वतों में (घ)नदी-दरिया में
निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए -
6- 'माला' का वचन परिवर्तन कीजिए
(क) मालाएँ (ख) माली (ग) मालिन (घ) इनमें से कोई नहीं
7- 'कुर्सी' शब्द का सही बहुवचन रूप का चयन कीजिए -
(क) कुरसीया (ख)कुर्सिए (ग)कुर्सी (घ) कुर्सियाँ
8- माँ चाकू ........... सब्जी काटती है।
खाली स्थान में सही कारक चिह्न रखिए ।
(क)ने (ख)को (ग)से (घ)पर
9- 'कर्ता कारक' का विभक्ति चिह्न है-
(क) का, के, की (ख) में, पर (ग) के लिए (घ)ने
10-परिमाणवाचक विशेषण छाँटिए
(क)दस लीटर दूध (ख)बीस गाय (ग)लखनवी(घ)यह घर
11- मेरी टोपी लाल हैं। वाक्य में 'मेरी' शब्द क्या है ?
(क) सार्वनामिक विशेषण (ख) गुणवाचक विशेषण
(ग) संख्यावाचक विशेषण (घ) इनमे से कोई नहीं
12-क्रिया के मूल रूप को क्या कहते हैं?
(क) सर्वनाम (ख)विशेषण (ग) धातु (घ)संज्ञा
13-वह आसमान में उड़ता है। वाक्य में कौन सी क्रिया है ?
(क) अकर्मक क्रिया(ख)सकर्मक क्रिया(ग)प्रेरणार्थक क्रिया(घ)पूर्वकालिक क्रिया
14-क्रिया का भेद बताइए 'सीता पुस्तक पढ़ती है।'
(क) सकर्मक (ख)अकर्मक (ग)द्विकर्मक (घ)प्रेरणार्थक
15-'आस्तिक' का अनेक शब्द बताइए ।
(क) जो बाद मेँ जन्मा हो (ख)जो भगवान को मानता है
(ग) प्रतिदिन होने वाला (घ)जो भगवान को मानता नहीं है
16- जो सब कुछ जानता है -
(क) अज्ञ (ख)सर्वज्ञ (ग) विशेषज्ञ (घ)कृतज्ञ
17- 'दाँत खट्टे करना' मुहावरों के सही अर्थ का चयन कीजिए -
(क) चबा-चबा कर खाना (ख)इमली खाना

(ग) बुरी तरह हराना (घ)विजयी बनाना

18-हवा से बातें करना -

(क) बेज्जत करना (ख).लज्जित होना (ग) बहुत तेज़ भागना (घ)बोल देना

19-जो 'फूल' का पर्यायवाची नहीं है, वह है -

(क) सुमन (ख)कुसुम (ग) पुष्प (घ)तनुजा

20-दिए हुए शब्दों में भिन्न अर्थ वाला शब्द है-

(क)भानु (ख)रवि (ग)प्रभाकर (घ)शशि

21. 'अगर न नभ में बादल होते' कविता में किसके प्यासे मरने की बात कही गई है ?

(क)चिड़िया-तोते (ख)मेंडक (ग)मनुष्य (घ)मोर

22 . बादल कहाँ से जल भरकर लाते हैं ?

(क)गाँव से (ख)पर्वत से (ग) तालाब से (घ)समुद्र से

23. पुष्प प्रदर्शनी में किस प्रकार के पौधों को पुरस्कार दिए जाते हैं ?

(क)स्वस्थ (ख)सुंदर (ग) आकर्षक (घ)उपरोक्त तीनों

24. हरित के पौधे किसने चुराए थे ?

(क)मोहल्ले के एक लड़के ने (ख)आयोजकों ने (ग) उसके मित्र ने (घ)नम्रता ने

25. नींद में हरित ................ पाने का सपना देखता रहा ।

(क)पुरस्कार (ख)धन (ग) सफलता (घ)आशीर्वाद

26. वृद्ध के साथ ज़ोर ज़ोर से क्यों रोने लगे ?

(क)वे रास्ता भूल गए थे (ख)उनके साथी रास्ते में खो गए (ग) वे अपनी मातृभूमि नहीं देख सकेंगे (घ)चीनी राजा उन को बंदी बना लेगा

27. नौका पर सुइयाँ ,पके फल और साठ वर्ष से ऊपर के वृद्धों को सिंगापुर भेजने की सुझाव किसने दी?

(क)महामंत्री ने (ख)बुद्धिमान व्यक्तियों ने (ग) महाराजा ने (घ)दरबारियों ने

28. कलिंग के राजा के लिए इनमें से कौन सी युक्ति गलत है ?

(क)बुद्धिमान (ख)सूरवीर (ग) स्वाभिमानी (घ)कायर

29."चल बे चल, मिठाई खाकर खूब मोटा हो गया है "यह किसने किससे कही?

(क)सिपाही ने गोवर्धन दास से (ख)कोतवाल ने गोवर्धन दास से (ग) सिपाही ने कोतवाल से (घ)कोतवाल ने सिपाही से

30. सात पैसे भीख में मिले थे उसी से ............ मिठाई मोल ली है ।

(क)तीन सेर (ख)साडे 3 किलो (ग) साढ़े तीन किलो (घ)सात सेर

31. अंधेर नगरी कहानी में कसाई किसको दोषी ठहराता है ?
(क)कारीगर को (ख)भिश्ती को (ग) गडरिए को (घ)कोतवाल को
32. 'चाँद का कुर्ता' किस कवि के द्वारा रचित है ?
(क)सोहनलाल द्विवेदी (ख)हरिवंश राय बच्चन (ग) श्री प्रसाद (घ)विजय गुप्त
33. मां को किस बात का डर था
(क)ठंड में किस तरह का चांद आसमान का सफर करेगा
(ख)चांद कहां गायब हो जाता है (ग) चांद अपना आकार बदलता है
(घ)किस नाम से चांद के लिए झिंगोला सिलवाए जाए
34. बाबा भारती ने डाकू खड़ग सिंह से क्या प्रार्थना की
(क)मुझे घोड़े पर चढ़ा लो परमात्मा भला करेगा
(ख)घटना के बारे में किसी के सामने जिक्र न करना
(ग) मेरा प्यारा घोड़ा मुझे वापस कर दो
(घ)मुझे रामवाला में छोड़ दो मैं अब चल नहीं सकता।
35. सुलतान किसका नाम था ?
(क)महाराजा का (ख)बाबा का (ग)डाकू का (घ)घोड़े का
36. टेरेंस लेविस कौन थे
(क)एक अध्यापक (ख)एक नाटककार (ग)एक चिकित्सक (घ)एक कार चालक
37. बेट्टिना अस्पताल में कितने दिन रही
(क)दस दिन (ख)पंद्रह दिन (ग) बीस दिन (घ)तीस दिन
38 ." तुम्हारा नया जन्म एक विशेष उद्देश्य के लिए हुआ है ।" यह बात किसने कही?
(क)बेट्टिना ने (ख)डॉक्टर लेविस ने (ग) एक सेविका ने (घ)शिक्षक बैरी ने
39. कवि ने असफलता को क्या कहा है?
(क)चुनौती (ख)निराशा (ग)विश्वास (घ)कोशिश
40.मोती कहाँ मिलता है ?
(क)समुद्र की गहराई में (ख)ज़मीन के अंदर
(ग)समुद्र के किनारे (घ)समुद्र के बालू में

*************************************